# फार्म एफ–1

## (नियम 3 (1))

## वृहद आर्थिक ढांचा संबंधी विवरण

### अर्थव्यवस्था का विहंगावलोकन

1. राज्य के सकल घरेलू उत्पाद स्थिर भाव (वर्ष 2011–12) वर्ष 2023–24 के रू. 3,06,712 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2024–25 में रू. 3,29,752 करोड़ अनुमानित है। कृषि एवं संबंधित (कृषि, पशुपालन, वन एवं मत्स्य पालन सम्मिलित) क्षेत्र में वर्ष 2024–25 में सकल राज्य मूल्य संवर्द्धन (GSVA), पिछले वर्ष 2023–24 के रू. 48,987 करोड़ से बढ़कर रू. 51,621 करोड़ अनुमानित है। उद्योग क्षेत्र (निर्माण, विनिर्माण, खनन एवं उत्खनन, विद्युत, गैस तथा जल आपूर्ति सम्मिलित) में सकल राज्य मूल्य संवर्द्धन, वर्ष 2023–24 में रू. 1,37,649 करोड़ की तुलना में वर्ष 2024–25 में रू. 1,47,172 करोड़ आंकलित की गई है। सकल राज्य मूल्य संवर्द्धन सेवा क्षेत्र में निरंतर वृद्धि परिलक्षित हो रही है, वर्ष 2023–24 में रू. 99,925 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2024–25 में रू. 1,08,461 करोड़ अनुमानित है।

### राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर स्थिर भावों (वर्ष 2011–12) पर

2. वर्ष 2023–24 त्वरित अनुमान में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (बाजार मूल्य) में वर्ष 2022–23 प्रावधिक अनुमान की तुलना में 7.31 प्रतिशत वृद्धि अनुमानित है। सकल राज्य मूल्य संवर्द्धन के कृषि क्षेत्र (कृषि, पशुपालन, वन एवं मत्स्य पालन सम्मिलित) में 2.95 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उद्योग क्षेत्र (निर्माण, विनिर्माण, खनन एवं उत्खनन, विद्युत, गैस तथा जल आपूर्ति सम्मिलित) में वर्ष 2022–23 की तुलना में वर्ष 2023–24 में 4.87 प्रतिशत वृद्धि परिलक्षित हुई, तथा सेवा क्षेत्र में यह वृद्धि वर्ष 2023–24 में 10.43 प्रतिशत अनुमानित है।

### राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर प्रचलित भावों पर

3. वर्ष 2023–24 त्वरित अनुमान में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (बाजार मूल्य) में वर्ष 2022–23 प्रावधिक अनुमान की तुलना में 11.60 प्रतिशत वृद्धि अनुमानित है। सकल राज्य मूल्य संवर्द्धन के कृषि क्षेत्र (कृषि, पशुपालन, वन एवं मत्स्य पालन सम्मिलित) में 8.71 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उद्योग क्षेत्र (निर्माण, विनिर्माण, खनन एवं उत्खनन, विद्युत, गैस तथा जल आपूर्ति सम्मिलित) में वर्ष 2022–23 की तुलना में वर्ष 2023–24 में 10.16 प्रतिशत वृद्धि परिलक्षित हुई, तथा सेवा क्षेत्र में यह वृद्धि वर्ष 2023–24 में 13.57 प्रतिशत अनुमानित है।

### सम्भावनाएं

4. **सकल राज्य घरेलू उत्पाद स्थिर भावों (वर्ष 2011–12) पर गत वर्ष 2023–24 की तुलना में वर्ष 2024–25 के अग्रिम अनुमान अनुसार 7.51 प्रतिशत वृद्धि होने की**

**संभावना है।** वर्ष 2023–24 के अग्रिम अनुमानों में **कृषि एवं संबंधित क्षेत्र** (कृषि, पशुपालन, वन एवं मत्स्य पालन सम्मिलित) में सकल राज्य मूल्य संवर्द्धन वर्ष 2022–23 की तुलना में **5.38 प्रतिशत वृद्धि** की सम्भावना है। इसी प्रकार **उद्योग क्षेत्र** (निर्माण, विनिर्माण, खनन एवं उत्खनन, विद्युत, गैस तथा जल आपूर्ति सम्मिलित) में वर्ष 2023–24 में **6.92 प्रतिशत की वृद्धि** संभावित है। **सेवा क्षेत्र** में गत वर्ष की तुलना में **8.54 प्रतिशत की वृद्धि** सम्भावित है।

5. वर्ष 2023–24 त्वरित अनुमान में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (बाजार मूल्य) में वर्ष 2022–23 प्रावधिक अनुमान की तुलना में 10.89 प्रतिशत वृद्धि अनुमानित है। सकल राज्य मूल्य संवर्द्धन के कृषि क्षेत्र (कृषि, पशुपालन, वन एवं मत्स्य पालन सम्मिलित) में 9.27 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उद्योग क्षेत्र (निर्माण, विनिर्माण, खनन एवं उत्खनन, विद्युत, गैस तथा जल आपूर्ति सम्मिलित) में वर्ष 2022–23 की तुलना में वर्ष 2023–24 में 9.22 प्रतिशत वृद्धि परिलक्षित हुई, तथा सेवा क्षेत्र में यह वृद्धि वर्ष 2023–24 में 13.43 प्रतिशत अनुमानित है।

6. **वर्ष 2024–25 में प्रति व्यक्ति आय (निवल राज्य घरेलू उत्पाद, प्रचलित भाव पर) रू. 1,62,870 अनुमानित है**, जिसमें पिछले वर्ष 2023–24 के रू. 1,47,361 की तुलना में 9.37 प्रतिशत वृद्धि संभावित है।

| फार्म एफ-1 (निरंतर) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वृहद् आर्थिक रूपरेखा विवरण | | | | | | |
| आर्थिक कार्य निष्पादन : एक दृष्टि | | | | | | |
| **सारणी 1 : चुनिंदा व्यापक आर्थिक और राजकोषीय संकेतकों की प्रवृत्ति** | | | | | | |
| **वास्तविक क्षेत्र** | **निरपेक्ष मूल्य (करोड़ में)** | | | | **प्रतिशत परिवर्तन** | |
| 1. बाजार मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद | **2021-22** | **2022-23(P)** | **2023-24(Q)** | **2024-25(A)** | **2023-24(Q)** | **2024-25(A)** |
| (क) प्रचलित भावों पर | **411613** | **458891** | **512107** | **567880** | **11.60** | **10.89** |
| (ख) स्थिर भावों पर 2011-12 मूल्य पर | 267033 | 285817 | 306712 | 329752 | 7.31 | 7.51 |
| सकल राज्य मूल्य संवर्धन स्थिर भावों (2011-12 के मूल्य) पर | | | | | | |
| 2. कृषि क्षेत्र | 43692 | 47548 | 48987 | 51621 | 3.03 | 5.38 |
| 3. उद्योग क्षेत्र | 127065 | 131262 | 137649 | 147172 | 4.87 | 6.92 |
| 4. सेवा क्षेत्र | 81291 | 90484 | 99925 | 108461 | 10.43 | 8.54 |
| P=Provisional, Q=Quick, A=Advance | | | | | | |
| **सरकार की वित्तीय स्थिति** | **2023-24 (लेखा)** | **2024-25 (बजट अनुमान)** | **2024-25 (पुनरीक्षित अनुमान)** | **2025-26 (बजट अनुमान)** | **प्रतिशत परिवर्तन** | |
| | | | | | 2024-25 | 2025-26 |
| **1. राजस्व प्राप्तियां (2+3)** | **103508.19** | **125900.00** | **121200.00** | **141000.00** | **18.61** | **18.77** |
| **2. कर राजस्व (2.1+2.2 )** | **77268.10** | **93700.00** | **90200.00** | **104000.00** | **22.71** | **28.71** |
| 2.1 राज्य के स्वयं के कर राजस्व | 38786.22 | 49700.00 | 46200.00 | 54000.00 | 22.58 | 30.79 |
| 2.2 केन्द्रीय करों में राज्यों का अंश | 38481.88 | 44000.00 | 44000.00 | 50000.00 | 22.84 | 26.43 |
| **3. करेतर राजस्व (3.1+3.2)** | **26240.09** | **32200.00** | **31000.00** | **37000.00** | **9.17** | **-3.01** |
| 3.1 राज्य के करेतर राजस्व | 15147.96 | 18700.00 | 17500.00 | 22000.00 | 20.67 | 2.75 |
| 3.2 केन्द्र के अंतरण | 11092.13 | 13500.00 | 13500.00 | 15000.00 | -4.17 | -10.00 |
| **4. पूंजीगत प्राप्तियां (5+6+7)** | **26955.89** | **21600.00** | **30813.00** | **24100.00** | **543.03** | **39.35** |
| 5. ऋणों की वसूली | 25.61 | 150.00 | 150.00 | 100.00 | 70.59 | **-50.00** |
| 6. अन्य प्राप्तियां | 5.01 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | -100.00 | **-** |
| 7. उधार और अन्य देनदारियां | 26925.27 | 21450.00 | 30663.00 | 24000.00 | 553.72 | 41.12 |
| **8. कुल प्राप्तियां (1+4)** | **130464.08** | **147500.00** | **152013.00** | **165100.00** | **48.33** | **21.40** |
| **9. कुल व्यय (10+11+12)** | **130458.37** | **147445.63** | **151700.00** | **165000.00** | **53.02** | 21.35 |
| 10. राजस्व व्यय | 114727.49 | 124840.01 | 128406.00 | 138196.00 | 51.27 | 21.79 |
| 11. पूंजीगत व्यय | 15418.93 | 22300.02 | 22994.00 | 26341.00 | 62.50 | 19.51 |
| 12. ऋण एवे अग्रिम | 311.95 | 305.60 | 300.00 | 463.00 | 295.24 | -9.95 |
| 12.(अ) आकस्मिकता निधि विनियोजन | -13.47 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | | |
| 13. ब्याज भुगतान (राजस्व व्यय में शामिल) | 6798.34 | 7931.01 | 9015.24 | 9515.06 | 10.28 | 13.46 |
| **14. राजस्व घाटा (10-1)** | **11219.30** | **-1059.99** | **7206.00** | **-2804.00** | **-305.53** | **-69.72** |
| **15. राजकोषीय घाटा [9-(1+5+6)]*** | **26946.49** | **19695.63** | **29350.00** | **22900.00** | **8.92** | **16.27** |
| **16. प्रारंभिक घाटा (15-13)** | **20121.22** | **13464.62** | **21334.76** | **14384.94** | **-2017.77** | **63.59** |
| **17. राजकोषीय घाटा (as % of GSDP)** | **4.60** | **2.90** | **4.08** | **2.97** | | |
| ***This includes provision of 4,000 Cr for Special Central Assistance for Capex. Net Fiscal Deficit after deducting SCA as per GoI guidelines is 18,900 Cr, which is 2.97% of GSDP 2025-26.** | | | | | | |